तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए : सांसद चिंतामणि



## खबर संक्षेप

### राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की टीम द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 7 से 10 नवंबर तक जिला मुख्यालय में संचालित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, शिक्षकों की पेशेवर दक्षता वृद्धि तथा शैक्षणिक नवाचारों के प्रसार को बढ़ावा देना है। कार्यशाला का उद्घाटन अपर कलेक्टर नर्मता डोंगरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनोद पांडेय, एपीसी सूर्योदय सिंह तथा जिला नोडल अधिकारी खुशबू दास उपस्थित रहे एवं कार्यशाला के संचालन में उनका सराहनीय योगदान रहा।

### अब अस्पताल में हर माह हो रही 15 सिजेरियन



**मनेन्द्रगढ़।** समाजसेवी डॉ.रश्मि सोनकर ने कहा कि 11 नवंबर को हॉस्पिटल में प्रवेश करते ही सबसे अच्छा यह लगा कि कहीं भी चले जाएं किसी भी कोने में जो एक बदबू पहले हुआ करती थी वह आज कहीं पर भी ऐसा महसूस नहीं हुई। एक दिन में हॉस्पिटल की तीन बार सफाई होती है और रविवार के दिन बृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर स्वप्निल तिवारी ने पूरे अस्पताल का काया पलट कर कर दिखा दिया है। रेफरल केसेस कम से कम हो गए हैं और अब अस्पताल में ही लगभग 150 नॉर्मल प्रसव के साथ-साथ सिजेरियन डिलीवरी भी हर महीने 15 से 25 मरीजों की होती है।

### सेजेस खरवत मैदान में आयोजन 15 को

**बैकुण्ठपुर।** आदिम जाति विकास विभाग नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर कोरिया जिले में 15 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सेजेस खरवत मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरिया द्वारा आदेश जारी कर विभिन्न विभागों को उनके दायित्व आवंटित कर दिए गए हैं। पहला चरण 10 से 14 नंवबर तक होगा। इस चरण में जिले के सभी शासकीय विद्यालयों, आश्रम-छात्रावासों एवं संस्थानों में प्रभात फेरी, जनजागरूकता यात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम। वाद-विवाद, चित्रकला, रंगोली और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। दूसरा चरण 15 नवंबर को होगा। इस दिन जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन सेजेस खरवत मैदान में किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए होगी भर्ती

**बैकुण्ठपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बैकुंठपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका पद की पूर्ति के लिए मूल्यांकन समिति के द्वारा मूल्यांकन उपरांत अंतिम मूल्यांकन सूची जारी कर कार्यालय जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना बैकुंठपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। आंबा सहायिका, आंबा केन्द्र ठिहाईपारा, स्टेशनपारा, हरिजनपारा, डमहापारा, टेकमानपारा,घुटरीनाला, दाउनगुड़ा, कोदवारीडांड़, परसोत्तम पारा, बसोरपारा, उरांवपारा, सरईपारा, भखार, गाड़ाबुड़ा, गोंड़पारा, पिपरापारा, बांधपारा, बहेरापारा, उपरपारा, गौटियापारा, तेलईधार एवं देवानीबांध के रिक्त पदों पर दावा आपत्ति के आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए 13 नवंबर तक नियत किया गया है।

## निजी अस्पताल में हुआ प्रसव, आए दिन महिलाएं होती हैं परेशान

# जिला अस्पताल में डिलवरी के लिए दर्द से तड़पती रही महिला



दर्द से तड़पती महिला।



रात्रि में आटो से ले जाते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अस्पताल बैकुंठपुर में एक प्रसूता दर्द से तड़पती रही, लेकिन जिला चिकित्सालय में पदस्थ एक महिला चिकित्सक की संवेदना नहीं जगी, इसके चलते प्रसूती महिला को विवश होकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कर डिलवरी करानी पड़ी, जहां राशि खर्च करना पड़ा, जबकि जिला चिकित्सालय में तमाम सुविधाएं होने के बावजूद समुचित सुविधा का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में मबूरन मरीजों को निजी अस्पताल में रकम खर्च कर उपचार कराने की मजबूरी है। ऐसा ही एक ताजा मामले में बीते दिनों की रात्रि लगभग 1 बजे जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में एक ग्रामीण को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन के द्वारा जिला चिकित्सालय लाकर डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया। इसके बाद चिकित्सालय में ड्यूटी कर रहे चिकित्सक से संपर्क किया तो उक्त चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ एक वरिष्ठ महिला चिकित्सक को फोन कर सूचित किया कि महिला का नार्मल डिलीवरी नहीं हो पाएगा, तब इसके जवाब में महिला चिकित्सक ने फोन पर ही ड्यूटी कर रहे चिकित्सक को कहा कि मैं अभी हास्पिटल नहीं आ पाऊंगी और न ही एक भी आपरेशन कर पाऊंगी। दूसरे दिन भी गर्भवती महिला का आपरेशन नहीं हुआ, तब तड़पती गर्भवती महिला को परिजन ने ऑटो में लिटाकर शहर के निजी शर्मा अस्पताल ले जाया गया, जहां गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया, लेकिन जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के महिला चिकित्सक के व्यवहार से आहत परिजन ने कहा कि यदि प्रसव पीड़ा से तड़प रही गर्भवती को जिला चिकित्सालय में घंटो तड़पना पड़ा और मजबूरी में उन्हें निजी अस्पताल ले जाना पड़ा, ऐसे में गर्भवती महिला को कुछ हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता। जिला चिकित्सालय में जिले के दूर-दराज के लोग बेहतर ⏭ शेष पेज 4 पर

### गरीब ग्रामीण मरीज भगवान भरोसे

जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल में जिले के दूर-दराज से अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोग बेहतर चिकित्सा के आस लिए यहां पहुंचते हैं, जिनकी यहां कोई पहुंच नहीं होती, उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में कई तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यहां बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराए जाने की सिर्फ बात की जाती हैख लेकिन हकीकत कुछ और है खासकर ग्रामीणा गरीब मरीज व उनके परिजन के लिए। यदि पहुंच पकड़ वाला व्यक्ति जिला चिकित्सालय पहुंचते हैं तो उन्हें मौजूद हर सुविधा प्रदान होती है, आखिर कम अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था में सुधार होगा।

### तमाम सुविधाएं फिर भी मरीज परेशान

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में संपूर्ण इलाज की सुविधा है। अब जिला चिकित्सालय में निश्चेतना विशेषज्ञ की नियुक्ति भी हो गई है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों का ऑपरेशन किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में जिला चिकित्सालय में पदस्थ महिला चिकित्सक की गैर जिम्मेदाराना रवैए केकारण गर्भवती महिला को घंटों जिला चिकित्सालय में न सिर्फ तड़पना पड़ा, बल्कि परिजन को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले की अपेक्षा अब जिला चिकित्सालय में उपचार से लेकर ऑपरेशन की तमाम साधन सुविधा उपलब्ध हैं, लेकिन समय पर कुछ चिकित्सकों की सेवा के प्रति आचरण के कारण मरीजों को परेशानी होती है।

### लापरवाही पर क्या कार्रवाई होगी

जिला चिकित्सालय में पदस्थ कथित महिला चिकित्सक द्वारा सेवा के विपरीत गैर जिम्मेदाराना आचरण के कारण गर्भवती महिला एवं उसके परिजन को कष्ट एवं मानसिक परेशानी उठानी पड़ी, जिसके संबंध में जिला चिकित्सालय के अस्पताल अधीक्षक को भी जानकारी है तो ऐसी गंभीर लापरवाही बरतने वाली कथित महिला चिकित्सक पर क्या कार्रवाई होती यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इस तरह की संवेदनशील मामले की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए निश्चित ही कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



कार्रवाई करती टीम।

## अवैध धान भंडारण पर पहली कार्रवाई, 219 बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मंगलवार को कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर मंडी सचिव द्वारा बैकुंठपुर स्थित सिद्धिविनायक ट्रेडर्स के गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में 175 बोरी धान बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से भंडारित पाया गया।

■ जब्त धान का किया गया पंचनामा

मंडी सचिव द्वारा स्टॉक संबंधी खरीदी-बिक्री विवरण, घोषणा पत्र एवं परिवहन अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु कोई भी प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर मंडी अधिनियम के अंतर्गत जब्ती की कार्रवाई की गई। जब्त धान का पंचनामा तैयार कर आगे की विधिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसी प्रकार महलपारा में सिद्धांत गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता के दुकान/गोदाम का भी निरीक्षण किया गया, जहां 44 बोरी धान बिना वैध दस्तावेज के पाया गया। सक्षम दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर उक्त धान को भी जब्त किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध भंडारण, परिवहन एवं धान की अवैध खपत पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ऐसी अनियमितताओं में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने व्यापारियों एवं किसानों से अपील की है कि धान की खरीदी-बिक्री एवं परिवहन केवल वैध दस्तावेजों के आधार पर ही करें तथा अनियमितताओं से दूर रहें।

## अवैध रेत खनन : बिना नंबर की एक ट्रिपर जब्त



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों पर आखिरकार खनिज विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा और खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर के नेतृत्व में शनिवार और रविवार की रात से लेकर सुबह तक विशेष निगरानी अभियान चलाया गया।

इसी दौरान टीम ने ग्राम पंचायत बंजी स्थित हसदेव नदी क्षेत्र में बिना नंबर की एक रेत से भरी ट्रिपर को पकड़ा। जानकारी के अनुसार हसदेव नदी के तट पर पिछले कई दिनों से मध्यप्रदेश की सीमा से लगते क्षेत्रों के रेत माफिया रात के अंधेरे में अवैध रेत खनन कर जिले के विभिन्न हिस्सों में इसकी आपूर्ति कर रहे थे। लगातार प्राप्त शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने गुप्त रूप से योजना बनाकर देर रात क्षेत्र में घेराबंदी की। टीम को देखते ही चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। खनिज विभाग ने मौके पर ही वाहन को जब्त कर मनेन्द्रगढ़ खनिज कार्यालय परिसर में सुरक्षित खड़ा करा दिया है। प्रारंभिक जांच में यह वाहन बिना पंजीयन नंबर का पाया गया, जिससे इसकी वैधता संदिग्ध मानी जा रही है। खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध रेत खनन या परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ⏭ शेष पेज 4 पर

### डिजिटल साक्षरता के लिए कार्यशाला 14 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने जानकारी दी है कि रैम्प योजना के अंतर्गत मार्केट तक पहुंच विभिन्न प्लेटफॉर्म व डिजिटल मार्केटिंग व डिजिटल साक्षरता इंटरवेंशन के तहत ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमइ के लिए बाजार विकास कार्यशाला के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष बैकुंठपुर में 14 नवंबर को समय 11 बजे आयोजित है। इस कार्यशाला में जैम टीम रायपुर द्वारा जिला स्तरीय शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को विभागीय निविदा प्रक्रिया के लिए जैम पोर्टल पर क्रेता के रूप में ऑनबोडिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने एवं प्रकाशित करने, निविदा खोलने की प्रक्रिया आदि पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## नशीली दवाओं के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह (भा.पु.से.)के निर्देश पर जिले में नशीले पदार्थों एवं अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ एवं सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ की संयुक्त टीम ने 9 नवंबर को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सनबोरा निवासी विरेन्द्र पनिका उर्फ बिट्टू पिता शिवनारायण पनिका उम्र 24 वर्ष नशीले इंजेक्शनों को अवैध रूप से रखकर बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के झोले में रखे 190 नग नशीले इंजेक्शन बरामद हुए, इनमें रेसौगेसिक बुप्रेनोर्फने इंजेक्शन झ्र 95 नग और पहनीरामीने मेलट इंजेक्शन आईपी 95 नग शामिल हैं। बरामद नशीले इंजेक्शनों की अनुमानित कीमत लगभग 66,500 आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र पनिका उर्फ बिट्टू के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती सिंह ने बताया कि नशीली दवाओं के अवैध व्यापार और मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध जिले में सख्त अभियान जारी है। किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर ⏭ शेष पेज 4 पर

## सरडी में वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरु



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम सरडी में आयोजित दो दिवसीय स्व. विजय राजवाडे स्मृति नॉक आउट बॉलीबाल प्रतियोगिता 2025 में बालक वर्ग में ग्राम सरडी तथा बालिका वर्ग में अंबिकापुर की टीम विजयी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. विजय राजवाडे स्मृति नॉक आउट बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला पंचायत कोरिया की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाडे के द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता बीते 8 एवं 9 नवंबर को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता ⏭ शेष पेज 4 पर

### अयोध्या दर्शन के लिए 57 श्रद्धालु होंगे रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन की श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) से कुल 57 श्रद्धालु अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना होंगे। जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम, नगर पालिका एवं जनपद पंचायतों से प्राप्त यात्रियों की अंतिम सूची तैयार कर छग पर्यटन बोर्ड को भेज दी गई है। विशेष रेल यात्रा का कार्यक्रम 12 से 15 नवंबर, विशेष रेल का प्रस्थान 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

## अर्थशास्त्र के विद्यार्थी पहुंचे साप्ताहिक बाजार



**डोमनहिल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में पहली बार अर्थशास्त्र विषय के विद्यार्थियों ने पाठ्यपुस्तक से बाहर निकलकर साप्ताहिक बाजार में प्रोजेक्ट व अनुप्रयोगात्मक पद्धति से सीखने का अनुभव प्राप्त किया।

संस्था प्राचार्या श्रीमती रजनी सालोमन के निर्देश और विषय व्याख्याता के.प्रफुल्ल रेड्डी के मार्गदर्शन मेंकला एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों ने डोमनहिल साप्ताहिक बाजार में आर्थिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। विषय की जानकारी देते हुए व्याख्याता श्री रेड्डी ने बताया कि परंपरागत श्यामपट आधारित शिक्षण के बजाय पहली बार विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के रूप में बाजार मांग तालिका निर्माण, बाजार के स्वरूप की पहचान, उपभोक्ता विक्रेता व्यवहार, मांग का नियम तथा बाजार के नियम का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया गया। बाजार को एक प्रकार से खुला कक्षा कक्ष बनाकर विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराया गया। प्रोजेक्ट कार्य के पश्चात संस्था में प्राचार्या श्रीमती सालोमन की उपस्थिति में विद्यार्थियों से उनके अनुभव साझा कराए गए। प्राचार्या ने परियोजना से संबंधित गहन प्रश्न पूछे जिनका उत्तर छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रत्यक्ष अनुभवों के आधार पर दिया। व्याख्याता श्री रेड्डी के अनुसार अर्थशास्त्र विषय में पंजीकृत 10 विद्यार्थियों में से 8 ने इस गतिविधि में भाग लिया। यह प्रोजेक्ट मुख्यतः व्यष्टि अर्थशास्त्र की इकाई 2, 3, 4 और 5 की चयनित पाठ्य सामग्री पर आधारित था, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ को मजबूत किया गया। इस शिक्षण कार्य में अतिथि शिक्षक चंद्रशेखर पोलाई व्याख्याता, अर्थशास्त्र शासकीय उमाशा हल्दीबाड़ी ने सहयोग दिया।

## कानून व्यवस्था व एनकार्ड जिला स्तरीय समिति की बैठक

# अवैध धान परिवहन पर होगी सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना तय करने के लिए मंगलवार को नार्को को-आर्डिनेशन सेंटर (एनकार्ड) मकैनिजम केअंतर्गत जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक तथा जिले में कानून व्यवस्था पर भी कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर चल रही नशा विरोधी गतिविधियों की नियमित समीक्षा कर प्रभावी और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने ड्रग्स नियंत्रण और मेडिकल स्टोरों की निगरानी मजबूत करने के निर्देश देते हुए प्रतिबंधित दवाइयों तथा सिरप की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने विद्यालयों, महाविद्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्ति संदेश वाले पोस्टर, जागरूकता रैली और परामर्श कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारियों को लगातार पेट्रोलिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने संयुक्त रूप से जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अन्य जिले व राज्यों से आने वाले लोगों की जानकारी रखी जाए। उन्हें कोटवार, ग्राम सचिव से सतत संपर्क कर फेरीवाले, साड़ी, बर्तन, प्लास्टिक के समान आदि बेचने वालों की मुसाफिर रजिस्टर में समुचित जानकारी दर्ज ⏭ शेष पेज 4 पर

### नशे के नेटवर्क को तोड़े

पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि जिले में अवैध शराब, गांजा तथा ड्रग्स की बिक्री और तस्करी पर लगातार कड़ी कार्रवाई चल रही है। उन्होंने बताया कि नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस हर स्तर पर सक्रिय है और इस अभियान में नागरिकों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

## मतदाता एसआईआर को लेकर भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा मंडल पटना के विभिन्न मतदान केन्द्रों में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मतदान केन्द्र पटना, महोरा, डकईपारा, मुरमा, बरदिया व पीपरडांड़ में बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, महामंत्री सत्यम साहू, सचिदानंद द्विवेदी, जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, वर्षा साहू, सोशल मीडिया सह संयोजक राकेश गुप्ता, सुनील सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, पार्षद राजेश सोनी, मीरा सोनी, राजेश सोनी, अमित सिंह, विधेंश सिंह, बैजू उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग केद्वारा छग प्रदेश में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) बीएलओ के माध्यम से कराया जा रहा है। मतदान केन्द्र स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगा, मतदाता सूची से मृतकों, नए मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम जोड़वाने एवं वोटर लिस्ट को नए रूप में संधारित कराने में सहयोगी बने। उन्होंने कहा कि बीएलओ को मतदाताओं के संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा कर उनका एसआईआर की प्रक्रिया को पूर्ण कराए जाने का आह्वान किया। जिला मंत्री शारदा गुप्ता ने कहा कि मतदाता सूची की पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में हम सभी को ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### जिला दवा विक्रेता संघ का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, एकता पैनल का रहा दबदबा

**अम्बिकापुर।** गहमागहमी और उत्साह के बीच सरगुजा जिला औषधि विक्रेता संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और अग्रसेन भवन मतदान केंद्र पर केमिस्ट साथियों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुल 480 मतों का प्रयोग किया गया। इस चुनाव में एकता पैनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर अमित अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वंदी नवीन गोयल को हराते हुए 302 मतों से विजय प्राप्त की। सचिव पद पर अजय पाठक ने 259 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी सुमित कुमार अग्रवाल को पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश श्रीवास्तव ने 304 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी शेखर गोयल को हराकर जीत दर्ज की। चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। रायगढ़ से आए पर्यवेक्षक अजय अग्रवाल एवं राजनांदगांव से आए पर्यवेक्षक देवव्रत गौतम ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया।

### छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा अंबिकापुर द्वारा संवाद एवं सम्मान समारोह तथा प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ, जिला शाखा द्वारा विशेष संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गदाधर पण्डा, संरक्षक डॉ. परसा शर्मा तथा प्रांतीय समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश भर के संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों के बीच संवाद स्थापित करना एवं चिकित्सकों की समस्याओं से अवगत होकर उनका स्थानीय एवं शासन स्तर पर निराकरण कराना। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सकों को उनके उल्लेखनीय सेवाओं एवं संगठन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संघ के संगठनात्मक विस्तार, चिकित्सकों की समस्याओं के निराकरण तथा आयुर्वेद सेवाओं के सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अविभाजित के जिला अध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह के नेतृत्व में किया गया। आभार प्रदर्शन जिला सचिव डॉ. कुलदीप द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में अंबिकापुर, सूरजपुर तथा बलरामपुर जिले के सभी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### त्रिपुरा राइफल के नायब सूबेदार के मुख्यालय स्थानांतरण होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ त्रिपुरा स्टेट राइफल के नायब सूबेदार जीवन सरकार का तबादला अगरतला मुख्यालय हो जाने के बाद आज सोमवार को उनके सम्मान में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण,सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश पांडेय की अगुवाई में यूनिट के सदस्यों ने नायब सूबेदार को भावभीनी विदाई दी,बताया गया कि त्रिपुरा स्टेट स्टेट राइफल के नायब सूबेदार जीवन सरकार जो बिश्रामपुर में विगत दो वर्षों से पोस्ट कमांडर के पद पर तैनात रहे,उनकी सेवानिवृत्ति होने की तिथि आगामी 31 दिसंबर 2025 की है,रिटायरमेंट से ठीक पहले राज्य शासन ने उन्हें त्रिपुरा स्टेट राइफल के मुख्यालय अगरतला में पदस्थ किया है,तबादले आदेश के बाद उन्हें आज सोमवार को यहां से रवानगी देने से पूर्व उनके सम्मान मे एसईसीएल आरटीआई कैंप में विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई,बता दें कि एसईसीएल ने करीब पांच वर्ष पूर्व खदानों से कोयला,कबाड़,डीजल चोरी की बढ़ी घटनाओं के बाद त्रिपुरा सरकार से जवानों को खदान में सुरक्षा कार्य कराने अनुबंध किया था,वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र में करीब 60 सशस्त्र जवान त्रिपुरा स्टेट राइफल सहित सीआईएसएफ के दो दर्जन से अधिक जवान यहां खदानों सहित मैगजीन की सुरक्षा में तैनात हैं।

## संत गहिरा गुरु फुटबॉल प्रतियोगिता पर शाहपुर की टीम ने जमाया कब्जा

# खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए : सांसद चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

**खास बात**

- गोपातु की टीम रही उप विजेता

ग्राम पंचायत सामरी में संत गहिरा गुरु फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में खेल गया। फाइनल मुकाबला शाहपुर व गोपातु टीम के बीच खेला गया। शाहपुर की टीम ने बेहतर खेल कर प्रदर्शन करते हुए गोपातु टीम को 3-0 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने विजेता एवं उपविजेता टीम ने नगद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया।



विजेता टीम को पुरस्कार देते सांसद व अन्य।

सामरी खेल मैदान में संत गहिरा गुरु फुटबॉल मैच के फाइनल मैच सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सर्वप्रथम संत गहिरा गुरु महाराज की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना के साथ शुरुआत की। उन्होंने दोनों फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के बीच पहुंच कर टास्क कराया खेल की शुरुआत की। इस बीच उपस्थित सभी खिलाड़ी एवं दर्शक से भेंट मुलाकात करते हुए दूर दूर से आए हुए ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के बीच बैठकर उनका का हाल चाल पूछा। खेले गए फाइनल मुकाबला में ग्राम पंचायत गोपातु एवं ग्राम पंचायत शाहपुर के खिलाड़ियों ने शानदार फुटबॉल खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि शाहपुर की टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाते हुए गोपातु टीम को 3-0 से पराजित प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं शील्ड तथा उप विजेता टीम को 31 हजार रुपए एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि खुशी की बात है कि आज परम पूज्य संत गहिरा गुरु महाराज के नाम से सामरी में फुटबॉल मैच हिंडालको द्वारा आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी को हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। चिंतामणि महाराज ने कहा कि कोरवा जनजाति, बिरजिया जनजाति के युवा खिलाड़ियों द्वारा भी इस खेल में भाग लिया गया है जो खुशी की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन मन प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सभी पहुंच विहीन ग्राम पंचायत में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल सहित अन्य प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। गहिरा गुरु महाराज के आदर्शों पर हम सभी को हमेशा चलना चाहिए , जिससे जीवन में हमेशा हम सभी को सुख मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यस्तता के कारण सामरी में ज्यादा दौरा नहीं कर पाता हूं, संसदीय क्षेत्र लम्बा होने के चलते सभी जगह दौरा करना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि सामरी के विकास कार्य हेतु कभी किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दिया जाएगा। इस दौरान हिंडालको के प्रबंधक संजय पार्थी, हिंडालको सीएसआर प्रभारी विजय मिश्रा , जिपं सदस्य संजीता नाग, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, रामानंद यादव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, राम सुंदर यादव, संजय जायसवाल, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, बालेश्वर नायक, रामलाल यादव, अर्जुन यादव, प्रीतम गुप्ता, चंदन यादव, रमेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनान खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## साईं धाम में विश्व अखण्ड भजन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अलग-अलग भजन मण्डलियों ने निरंतर 24 घंटे किया भजन, महामंगल आरती के साथ हुआ सम्पन्न

श्री सत्य साईं सेवा समिति बिश्रामपुर द्वारा स्थानीय साईं धाम में विश्व अखंड भजन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मानवता के कल्याण, विश्व शांति, प्रेम,भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के संचार के लिए समर्पित था।

दो दिनों तक साईं धाम का वातावरण साई राम भक्ति रस से भर गया। 8 नवंबर सायं 5.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं वेद पाठ के साथ अखंड भजन की शुरुआत हुई। लगातार 24 घंटे तक बिना रुके साईं भजनों का गायन चलता रहा और 9 नवंबर की शाम 6 बजे महामंगल आरती के साथ समापन हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरण किया गया। इस अखंड भजन में बिश्रामपुर समिति सहित मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, अंबिकापुर, सूरजपुर, जरही, कुम्दा, रेलवे स्टेशन कुंजनगर, सतपता और सपकरा की भजन मंडलियां शामिल हुईं। सभी मंडलियों ने साईं भजनों की मधुर लहरियों से वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। पूरे परिसर को दीपों, साई बाबा के चित्रों, पुष्पमालाओं और रंगबिरंगे झालरों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर अपने जीवन में प्रकाश, प्रेम और करुणा के मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया। भजन के दौरान प्रेम ही साईं का स्वरूप हैं, सेवा ही सच्ची भक्ति है जैसे संदेशों को भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि मानवता में एकता और विश्व बंधुत्व की भावना को प्रबल करना है। आयोजन को सफल बनाने में सभी साईं भक्त सक्रिय रहे।

## कन्या शाला में कैरियर गाइडेंस पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मुरली मित्र वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शहर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर संदीप श्रीवास्तव ने छात्राओं को परीक्षा भय से मुक्ति, अवसाद पर विजय, समय प्रबंधन, उचित मित्र चक्र का चयन तथा एकाग्रता बढ़ाने जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। श्रीवास्तव ने कहा सपने वे नहीं जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वे हैं जो आपको सोने नहीं देते। मुरली मित्र वेलफेयर फाउंडेशन के राज्य समन्वयक मनोज प्रजापति, हसनैन आलम, शिवेंद्र तारम एवं सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से संस्था निःशुल्क ऐसे आयोजन कर मोबाईल-सोशल मीडिया की लत, गलत संगत एवं समय प्रबंधन की कमी से जूझ रहे छात्र-छात्राओं को मानसिक बल प्रदान कर रही है। संस्था का अगला लक्ष्य सरगुजा की बालिकाओं को निःशुल्क कराटे एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन एवं आत्मविश्वास भी प्राप्त कर सकें। संस्था ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने तथा विशेष रूप से सरगुजा जिले के प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोटिवेशनल सत्र पहुंचाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कृत छात्राओं में मानसी गुप्ता, साक्षी जायसवाल, प्रतिमा, सृष्टि जायसवाल, संगीता सिंह, मान्या गुप्ता, शिखा साहू, वैष्णवी, तन्नू सोनी, जमुना पोर्टे रही।

## मंत्री राजवाड़े ने खड़ौली एवं पंडोनगर में आंगनबाड़ी विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जन्मदिन पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने किया हवन-पूजन
- ग्रामीण ऑन से की मुलाकात और किया कंबल वितरण



छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधानसभा की विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

उन्होंने ग्राम पंचायत बीरपुर स्थित अपने निज निवास में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक विधि-विधान से आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान से समाज के कल्याण की प्रार्थना की। पूजा उपरांत मंत्री श्रीमती राजवाड़े बारह मील हनुमान मंदिर, वीरपुर पहुंचीं। जहाँ उन्होंने भगवान बजरंगबली के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की माताओं, बहनों, बच्चों एवं युवाओं के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर बिलासपुर से आए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह उन्हें निरंतर जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। इसके पश्चात मंत्री श्रीमती राजवाड़े ग्राम खड़ौली विकासखण्ड ओड़गी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्ण भेंट कर उन्हें अध्ययन सामग्री एवं उपहार प्रदान किए। पंडो समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं और ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए ठंड के मद्देनजर गर्म कपड़ों का वितरण किया। इसी क्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ग्राम पंडो आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया तथा उन्हें कॉपी, पेन एवं चॉकलेट भेंट किए। साथ ही ग्राम पंडो नगर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यहां भी ठंड को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद ग्रामीणों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए।

## कुरवां -डेडरी रोड स्थित पुल समीप तेज रफ्तार कोयला लोड ट्राला अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम कुरुवां - डेडरी रोड स्थित पुल के पास आज सोमवार को कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया है,साथ ही एक और कोयला लोड ट्रेलर गायत्री खदान के समीप भी पलट गया है।

दोनों दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि की खबर नहीं है,इसका मुख्य कारण कोल ट्रांसपोर्ट की ट्रिप संख्या बढ़ाने के लिए चालकों के द्वारा जल्दबाजी बरतने को बताया जा रहा है,गौरतलब है कि सोमवार की दोपहर ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 डीएन 5609 का चालक कोयला लोडकर बिश्रामपुर की तरफ आ रहा था,तभी बिश्रामपुर-मानी मुख्य मार्ग पर डेडरी पुल के समीप ट्रेलर चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया,दुर्घटना होने उपरांत वाहन चालक मौके से फरार हो गया है,ग्रामीणों ने बताया कि इसी तरह एक और कोयला लोड ट्रेलर वाहन गायत्री खदान के समीप भी अनियंत्रित होकर पलट गया है,लोगों का कहना है यहां पर कोयला परिवहन की आपसी प्रतिस्पर्धा होने की वजह से इस तरह की घटनाएं आए दिन घटित हो रही हैं,जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

## कार का पहिया एक्सल सहित निकल गया बाहर, बाल- बाल बचे सवार



**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार एसयूवी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान कार का पहिया एक्सल सहित बाहर आ गया। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह अंबिकापुर से एसयूवी वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 2248 लखनपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान एनएच 130 पर रजपुरीकला के समीप अचानक ही कार का अगला पहिया एक्सल सहित बाहर निकल गया और कार अनियंत्रित होकर तीन से चार बार पलटते हुए खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को बहार निकालकर उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती करा दिया है जबकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## जिले के प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के लिए निशुल्क सीजीपीएससी कोचिंग की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के युवाओं के लिए अब सफलता का रास्ता और भी आसान हो गया है। जिला प्रशासन और एसईसीएल भटगांव और व्यापम सहयोग से आज़ाद फाउंडेशन ने एक अनोखी पहल की है। ..जिले के प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के लिए निःशल्क सीजीपीएससी और व्यापम कोचिंग की सुविधा शुरू की है। कोचिंग की शुरुआत एसईसीएल के सीएसआर फंड से की गई है, जिसका उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार छात्र भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस पहल की लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुरुआत में ही 125 विद्यार्थियों ने एडमिशन ले लिया है। पहले जहां जिले के छात्रों को तैयारी के लिए अंबिकापुर या बिलासपुर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। अब वे अपने ही जिले में उच्चस्तरीय कोचिंग प्राप्त कर सकेंगे। इससे न सिर्फ छात्रों को घर से दूर जाने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा, बल्कि परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी काफी कम होगा। कोचिंग में पढ़ाने के लिए अनुभवी और एक्सपर्ट शिक्षकों की टीम तैयार की गई है, जो छात्रों को विषयवार मार्गदर्शन, परीक्षा रणनीति, और मॉक टेस्ट की सुविधा प्रदान करेगी। शिक्षकों का उद्देश्य सिर्फ़ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करना है। यह पहल ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो रही है। अब जिले के छात्र भी बेहतर मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ सरकारी नौकरियों की तैयारी कर सकेंगे। इस कोचिंग से न केवल युवाओं का भविष्य उज्जवल होगा, बल्कि जिले के समग्र विकास में भी योगदान मिलेगा।

## विराट शिव गुरु महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- दीदी बरखा आनंद और भैया अर्चित आनंद ने दिया शिवभाव का संदेश

शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय खेल मैदान में विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन आध्यात्मिक स्वरूप का रहा, जिसका उद्देश्य महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से जन-जन को जोड़ना ताकि हर व्यक्ति के भीतर शिवभाव जागृत हो सके और वह अंधविश्वास, कुरीतियों एवं सामाजिक विभेदों से मुक्त होकर सत्य, ज्ञान और शिव के मार्ग पर अग्रसर हो।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीदी बरखा आनंद ने ने कहा कि"शिव केवल नाम के नहीं बल्कि काम के गुरु हैं। शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान और संपदा प्राप्त करने की परंपरा तो सर्वविदित है, परंतु अब समय है कि उनके गुरु स्वरूप से भी हम ज्ञान प्राप्त करें। ज्ञान के बिना कोई भी संपत्ति या वैभव व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जगतगुरु हैं और हर धर्म, जाति, संप्रदाय या लिंग के व्यक्ति उन्हें अपना गुरु बना सकता है। शिव का शिष्य बनने के लिए किसी दीक्षा या औपचारिकता की आवश्यकता नहीं, केवल यह विचार शिव मेरे गुरु हैं ही शिष्यता की शुरुआत करता है। यही भावना हमें शिव से जोड़ती है और शिवभाव को स्थायी बनाती है। अर्चित आनंद ने कहा कि यह विचार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक है। यह किसी संप्रदाय की सीमाओं में बंधा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के शाश्वत संबंध की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि शिव का शिष्य होना ही मानवता की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने अपने वक्तव्य में शिव शिष्यता के तीन सूत्र भी साझा किए। महोत्सव में क्षेत्र के समीपवर्ती गाँवों और नगरों से हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के गुरु भाई-बहन उपस्थित हुए। पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां श्रद्धा और भक्ति का वातावरण शिवमय बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, वन विकास निगम अध्यक्ष एवं कैबिनेट दर्जा प्राप्त रामसेवक पैकरा, विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि देवपाल पैकरा, जिला सदस्य लवकेश पैकरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, उपाध्यक्ष अजित शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही जॉली एलएलबी-3

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की सुपरहिट फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों ने खूब पसंद किया। बॉक्स ऑफिस पर भी 'जॉली एलएलबी 3' ने शानदार कमाई की. दुनिया भर में इस फिल्म ने 162.88 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया, जबकि भारत में इसका कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपए रहा। अब जो लोग थिएटर में फिल्म नहीं देख पाए, उनके लिए खुशखबरी है। 'जॉली एलएलबी 3' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही है। यह फिल्म एक नहीं, बल्कि दो प्लेटफॉर्म्स नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style

# अनीत



लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले अनीत कॉलेज के फाइनल ईयर की परीक्षाएं देंगी और इसके बाद वो शूटिंग शुरू करेंगी।

## एग्जाम के बाद शुरू करेंगी शक्ति शालिनी की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाईआरएफ के बाद अनीत मैडॉक फिल्म्स की अगली फिल्म में अपना जादू चलाने जा रही हैं, जो एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस साल सिनेमाघरों में धूम मचा चुकी लव-स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटने जा रही हैं। हालांकि, इस फिल्म की शूटिंग से पहले अनीत पड्डा अपने कॉलेज के फाइनल ईयर के एग्जाम देने जा रही हैं। 'सैयारा' की सक्सेस के बाद से ही फिल्म के लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सफलता की वो बुलंदियां छू ली हैं, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े सितारों को काफी पापड़ बेलने पड़े हैं। अहान अपनी अगली फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ काम करने जा रहे हैं जो एक्शन और रोमांस से भरपूर होनेवाली है। वहीं, अनीत पड्डा अब एक हॉरर कॉमिडी फिल्म में कदम रखने जा रही हैं। अनीत जल्द ही एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में दिखने जा रही हैं जिसकी कहानी एक रहस्यमय देवी पर बेस्ड है, जो बुरी आत्माओं से लोगों की रक्षा करती है। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल में हैं और यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। 'भारत की जेन जी स्टार अनीत दिसंबर–जनवरी में अपने फाइनल-ईयर की परीक्षाएं देंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका ने 12 साल बाद गाया गाना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने 12 साल बाद सिंगिंग में कमबैक किया है, लेकिन अफसोस कि इस बार उनकी तारीफ से अधिक आलोचना हो रही है। एक्ट्रेस ने वॉम के क्लासिक 'लास्ट क्रिसमस' गाने का देसी वर्जन गाया है, जिसे सुन लोग इसे 'भयंकर ऑटोट्यून' और 'एकदम अजीब' बता रहे हैं। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा सिर्फ ग्लोबल एक्ट्रेस ही नहीं, सिंगर भी हैं। साल 2012 और 2013 में उन्होंने दो सिंगल सॉन्स रिलीज किए थे। दोनों को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।



# माइकल के टीजर ट्रेलर को मिले रेकॉर्ड तोड़ व्यूज

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रेकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। 'माइकल' बायोपिक में 'किंग ऑफ पॉप' की जिंदगी को करीब से देखने का मौका मिलेगा। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं।



# दिखेगी सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा

**मुंबई।** महेश भट्ट की बेटी और निर्माता-निर्देशक पूजा भट्ट फिल्मों में फिर से वापसी कर रही हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कास्ट का जिक्र किया है। यह फिल्म भारत की पारंपरिक कबूतरबाजी प्रथा पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के एक्टर नजर आएंगे। पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।' पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ 'पंचायत' सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी।



# सुनील के लाडले मराठी एक्ट्रेस को रहे डेट

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी ने साल 2021 में फिल्म 'तड़प' से एक्टिंग डेब्यू किया था और वो जल्द ही पिता की फिल्म बॉर्डर के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। अहान शेट्टी 'बॉर्डर 2' में अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इन सबके बीच इन दिनों ये स्टारकिड अपनी डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में छाए हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी के लाडले अहान शेट्टी इन दिनों मराठी एक्ट्रेस जिया शंकर को डेट कर रहे हैं। हालांकि, कपल अभी तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं करना चाहता था। वो दोनों अपने रिश्ते के शुरुआती दौर में हैं और अभी चीजों को प्राइवेट रखना चाहते हैं। लेकिन जिया कई मौकों पर इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। जिया शंकर ने भले ही अभी तक अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं किया है।

## टीवी मसाला




# अभिषेक के बाहर होते ही शहबाज ने अशनूर पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में हर दिन एक नया ड्रामा और एक नया समीकरण देखने को मिलता है। अभी अभिषेक बजाज और नीलम गिरी बाहर हुए ही थे कि अब घर के अंदर फिर से उन कंटेस्टेंट के बारे में चर्चा शुरू हो गई है, जो इस घर में रहना डिजर्व नहीं करते। यह चर्चा शुरू हुई शहबाज बादेशा और गौरव खन्ना के बीच। शहबाज ने जीके से पूछा, आपको क्या लगता है कौन इस घर में रहना डिजर्व नहीं करता। इस पर गौरव खन्ना कहते हैं, वही जो तुम्हें लगते हैं। फिर शहबाज क्लियर करते हैं तुम्हारा मतलब है मालती? इस पर फिर जीके हां में गर्दन हिलाते हैं। गौरव से यह सहमति मिलने के बाद शहबाज कहते हैं, मुझे लगता है कि अशनूर भी डिजर्विंग नहीं है। इस पर जीके कहते हैं, प्रणीत को लगता है कि अशनूर डिजर्विंगग है। लेकिन, जब शहबाज उनकी राय जानने पर जोर देते हैं तो जीके के दिल की बात सामने आती है और वह कहते हैं, ईमानदारी से बताऊं तो मुझे लगता है कि अशनूर से ज्यादा डिजर्विंग बजाज था। बता दें कि बॉटम-3 में अभिषेक बजाज, अशनूर कौर और नीमल गिरी थे। बिग बॉस ने प्रणीत मोरे को ये पावर दी कि वह किस एक सदस्य को बचाना चाहेंगे। इस पर प्रणीत ने अशनूर का नाम लिया और इस अनाउंसमेंट के बाद अगली अनाउंसमेंट यह थी कि अभिषेक बजाज और नीलम गिरी घर से बाहर हो रहे हैं। अभिषेक के एविक्शन के खबर पर अशनूर बुरी तरह रोती नजर आईं. उनका रोना भी लाजमी था क्योंकि इस पूरे सीजन उन्होंने केवल एक ही कंटेस्टेंट से इतनी गहरी दोस्ती बनाई थी। अब देखना होगा कि अशनूर के गेम में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

## सुपरहीरो 'शक्तिमान' की हो रही वापसी

**नई दिल्ली।** हमारे बचपन का पसंदीदा सुपरहीरो शो, शक्तिमान, एक बिल्कुल नए अवतार में लौट आया है। पॉकेट एफएम ने मुकेश खन्ना के साथ शक्तिमान रिटर्न्स नाम के एक स्पेशल 40-एपिसोड ऑडियो सीरीज में इस शो को वापस लाया है। शक्तिमान के रिवाइवल के बारे में बात करते हुए, मुकेश खन्ना ने कहा कि यह शो युवाओं में सच्चाई, निस्वार्थता और साहस की प्रेरणा देने के लिए बनाया गया है। मुकेश खन्ना ने कहा, ये मूल्य शाश्वत हैं। जब पॉकेट एफएम ने मुझसे कॉन्टैक्ट किया तो मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड था कि ऑडियो के जरिए ये आदर्श कैसे जीवंत होंगे। लेकिन, जिस तरह से उन्होंने इसे एक नई कहानी के साथ, शक्तिमान की आत्मा को वैसा ही रखते हुए, फिर से क्रिएट किया है उसने मुझे सचमुच इम्प्रेस किया है। मुझे शक है कि कोई दूसरा प्रोडक्शन हाउस इस किरदार के साथ इतना न्याय कर पाता। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि शक्तिमान का सार जिंदा रखा गया है।



# 27 साल साथ निभाने वाले 'दादा' को खोकर भावुक हुए अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन के करीबी का निधन हो गया है। वो खास इंसान जो उनके साथ सालों से थे। अब उनके जाने पर एक्टर ने दुख जताया और पोस्ट भी शेयर किया। दरअसल, अभिषेक बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट अशोक सावंत का हाल ही में निधन हो गया। सोमवार को अभिनेता ने दुख व्यक्त करते हुए एक पोस्ट साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अशोक सावंत के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि वे और अशोक पिछले 27 वर्षों से अधिक समय से साथ काम कर रहे थे। उन्होंने लिखा, 'अशोक दादा ने मेरी पहली फिल्म से ही मेरा मेकअप किया है और वह सिर्फ मेरी टीम का हिस्सा नहीं थे, बल्कि मेरे परिवार जैसे थे. उनके बड़े भाई दीपक करीब 50 साल से मेरे पापा का मेकअप कर रहे हैं।' अभिनेता ने बताया कि अशोक सावंत पिछले कुछ दिनों से बीमार थे, जिस कारण वे सेट पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने लिखा, "बीमार होने की वजह से वे सेट पर नहीं रहते थे, लेकिन जब भी मैं शूटिंग कर रहा होता, वे रोज मेरे हालचाल पूछते थे और ध्यान रखते थे कि उनका असिस्टेंट मेरा मेकअप सही से कर



रहा है या नहीं। वे बहुत दयालु और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। वे अक्सर अपने बैग में रखी हुई स्वादिष्ट नमकीन निकालकर लोगों को बांटते थे। उन्होंने आगे लिखा, कल रात हमने उन्हें खो दिया. मैं अपनी आने वाली फिल्म का पहला शॉट देने से पहले हमेशा उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेता था। अब मैं शॉट से पहले आसमान की तरफ देखूंगा और जानने की कोशिश करूंगा कि आप ऊपर से मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं या नहीं। दादा, आपके प्यार, देखभाल, शालीनता, आपके हुनर और आपकी मुस्कान के लिए धन्यवाद।


# इस हफ्ते आ रहीं सस्पेंस-थ्रिलर और इमोशन से भरी फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** नवंबर का दूसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर इस बार आ रहा है रोमांच, रहस्य और भावनाओं का अनोखा मिश्रण। इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज में ऐसे कई नाम शामिल हैं, जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

***दिल्ली क्राइम सीजन 3*** : 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है दिल्ली क्राइम का सीजन 3। दिल्ली पुलिस की दमदार अफसर वर्तिका चतुर्वेदी एक बार फिर लौट रही हैं- इस बार एक ऐसे केस के साथ जो मानव तस्करी के नेटवर्क को उजागर करेगा। शेफाली शाह का किरदार फिर से केंद्र में है, जबकि हुमा कुरैशी इस बार एक रहस्यमयी विलेन के रूप में नजर आएंगी। यह सीजन पिछले दोनों सीजनों से ज्यादा डार्क और इमोशनल बताया जा रहा है। दिल्ली के दिल में बसने वाले इस अपराध की कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी।

***अविहितम*** : 14 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर यह फिल्म दस्तक दे रही है। मलयालम फिल्म 'अविहितम' में उत्तर केरल के एक छोटे गांव की कहानी दिखाई गई है, जहां दोस्तों का एक समूह घूमने जाता है और रास्ते में एक ऐसी घटना घटती है जो सबकी जिंदगी बदल देती है। गांव की रहस्यमयी पृष्ठभूमि और भावनात्मक ट्विस्ट से भरी यह फिल्म सामाजिक रिश्तों की परतें खोलती है। यह कहानी रूरल ड्रामा के साथ-साथ सस्पेंस का भी शानदार मिश्रण है।

***जुरासिक वर्ल्ड: रिबर्थ*** : जियो हॉटस्टार पर 14 नवंबर को आ रही है हॉलीवुड फिल्म जुरैसिक वर्ल्ड रिबर्थ।डायनासोर की दुनिया में एक बार फिर धमाकेदार वापसी होने वाली है।



कहानी एक फार्मा कंपनी के इर्द-गिर्द घूमती है जो डायनासोर के डीएनए से इंसानों की बीमारियों का इलाज ढूंढना चाहती है। लेकिन जब वैज्ञानिकों की टीम एक रहस्यमयी द्वीप पर पहुंचती है, तो शुरू होता है असली खतरा। सस्पेंस, साइंस और एक्शन का ये कॉम्बो फैंस के लिए बड़ा ट्रीट साबित होगा।

***आंटीप्रेन्योर*** : 13 नवंबर को शेमारूमी पर यह गुजराती फिल्म रिलीज हो रही है। 65 वर्षीय जसुबेन की कहानी आपको प्रेरित करेगी और मुस्कुराएगी भी। सुप्रिया पाठक कपूर इस गुजराती फिल्म में एक विधवा का किरदार निभा रही हैं जो अपनी हाउसिंग सोसाइटी बचाने के लिए महिलाओं के साथ मिलकर स्टॉक मार्केट में कदम रखती है। जसुबेन का संघर्ष और उनकी उद्यमशीलता की कहानी एक सशक्त महिला की मिसाल पेश करती है। ये फिल्म हर उस व्यक्ति के लिए है जिसने कभी 'अब बहुत देर हो गई' कहा हो।

## शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में बनाई एक खास जगह

# आज भी हर घर में देखी जाती हैं धर्मेंद्र की ये पांच सुपरहिट फिल्में

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में हीमैन के नाम से फेमस धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में शानदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। आपको बता दें उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती थी। धर्मेंद्र ने एक्शन के साथ-साथ कई रोमांटिक फिल्में भी की हैं और आज भी हर घर-घर में धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्मों को देखा जाता है।*

**आग ही आग** : धर्मेंद्र की ये फिल्म आग ही आग जो 1987 में रिलीज हुई थी और ये एक एक्शन फिल्म है, जिसको आज भी लोग देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। आपको बता दें ये उस समय की सबसे बड़ी हिट फिल्म है।


**मेरा गांव मेरा देश** : मेरा गांव मेरा देश धर्मेंद्र की ये फिल्म 1971 में आई थी, जो उस समय की सबसे सुपरहिट फिल्मों में से एक रही.फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और आज भी धर्मेंद्र की एक्टिंग को लोग खूब पसंद करते हैं।

**यमला पगला दीवाना** : साल 2011 में आई फिल्म यमला पगला दीवाना धर्मेंद्र की हिट फिल्म साबित हुई, लोगों के दिलों में इसके गाने और फिल्म दोनों ही खास जगह बनाएं हुए हैं।

**दोस्त** : धर्मेंद्र की 1974 में आई फिल्म दोस्त बॉक्स ऑफिस पर एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई. धर्मेंद्र के साथ हेमा मालिनी और शत्रुघ्न सिन्हा भी इस फिल्म में हैं।

**वतन के रखवाले** : धर्मेंद्र की फिल्म वतन के रखवाले 1987 की एक सुपरहिट फिल्म थी, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया और आज भी इसे हर घर-घर में देखना पसंद करते हैं।





## करोड़ों का है नेटवर्थ

धर्मेंद्र ने 300 फिल्मों के कॅरियर के साथ 335 करोड़ का अंपायर खड़ा किया है। इसके अलावा उन्होंने कई चीजों में निवेश भी किया है, जिनमें कलनरी से लेकर हॉस्पिटल फील्ड शामिल है। धर्मेंद्र ने गरम धरम ढाबा से रेस्टोरेंट बिजनेस शुरू किया था। उन्होंने एक और रेस्टोरेंट खोला, जिसका नाम हीमैन रखा, जो करनाल हाइवे पर है। सोशल मीडिया पर ही उन्होंने 100 एकड़ में बने फार्महाउस की झलक भी दिखाई है। यह शहर से दूर लोनावला में है, जिसमें स्वीमिंग पूल से लेकर एक्वा थैरेपी शामिल है। इसके अलावा धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ की महाराष्ट्र में प्रॉपर्टी भी है।

## इक्कीस में इमोशनल अवतार में आएंगे नजर

धर्मेंद्र बॉलीवुड के शानदार एक्टर हैं। उनकी फिल्म इक्कीस 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के ही-मैन इमोशनल अवतार में नजर आ रहे हैं और ट्रेलर में उन्हें देखकर जमकर तारीफ भी हो रही है। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद 1960 के दशक से बॉलीवुड में अपनी धाक जमाए हुए हैं। 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत की और अब उनकी अपकमिंग फिल्म इक्कीस सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। अब जब उनकी फिल्म रिलीज होने जा रही है, इस बीच आप जानते हैं कि धर्मेंद्र की नेटवर्थ कितनी है।

## खबर संक्षेप

### कोरिया में जल संरक्षण का मॉडल, 57 अमृत सरोवर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जलसंवर्धन और आजीविका उन्नयन के कार्यों ने ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान की है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए मिशन अमृत सरोवर अभियान को छग में रफ्तार देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों में अधिकाधिक अमृत सरोवर निर्माण के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में कोरिया जिले में अब तक 57 अमृत सरोवरों का निर्माण एवं पुर्नजीवन सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर में 22 एवं सोनहत जनपद में 35 अमृत सरोवर विकसित किए गए हैं। प्रत्येक तालाब का न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ है, जिससे औसतन 10 हजार घनमीटर जलभराव संभव हो सका है। इस प्रकार जिले में कुल 5 लाख 70 हजार घनमीटर से अधिक जल संचयन क्षमता अमृत सरोवरों के माध्यम से तैयार की जा चुकी है। सभी अमृत सरोवरों को ग्राम पंचायतों द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को मछली पालन के लिए लीज पर दिया गया है, इससे 57 समूहों की 570 से अधिक महिला सदस्यों को स्थायी आजीविका का साधन प्राप्त हुआ है। बीते पांच वर्षों में जिले में 1865 डबरियों का निर्माण किया गया है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर में 1526 डबरी, जनपद पंचायत सोनहत में 339 डबरी निर्माण हुआ है।

### साइबर सेल की जिम्मेदारी मिली पाटले को

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के



निर्देश एवं नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिले में आवश्यक विभागीय फेरबदल किया गया है। इस फेरबदल के तहत जिले की अत्यंत महत्वपूर्ण शाखा साइबर सेल की जिम्मेदारी अनुभवी एवं कर्मठ पुलिस अधिकारी निरीक्षक विवेक पाटले को सौंपी गई है। निरीक्षक विवेक पाटले पूर्व में जनकपुर और चिरमिरी जैसे संवेदनशील थानों की कमान संभाल चुके हैं। अपने कुशल नेतृत्व और जनसंपर्क क्षमता के लिए वे जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में कई जटिल मामलों का सफल निष्पादन हुआ है। सोमवार को कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए निरीक्षक विवेक पाटले ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग का है, जहां हर व्यक्ति इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। ऑनलाइन लेन-देन, सोशल मीडिया और मोबाइल एप्लिकेशन हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि बैंक कभी भी फोन या संदेश के माध्यम से पासवर्ड, ओटीपी या खाता विवरण नहीं मांगता। ऐसी किसी भी कॉल या लिंक से सतर्क रहें।

### साइबर अपराधों से सजग रहने दी जानकारी



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के शासकीय हाईस्कूल झगराखांड में थाना झगराखांड के प्रधान आरक्षक महेश साहू द्वारा छात्रों को साइबर सुरक्षा संवाद एवं साइबर जन जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए मोबाइल फोन और इंटरनेट का उपयोग सोच-समझकर करें। किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या संदेश पर भरोसा न करें और अपने परिवारजन को भी इस विषय में सतर्क करें, ताकि ऑनलाइन ठगी से बचा जा सके। महेश साहू ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में भी समझाइश दी। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं, एक वाहन पर एक से अधिक सवार न बैठें और हमेशा हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। कार्यक्रम में श्रीमती अंजना यादव और उमाशंकर मिश्रा ने भी छात्रों को सुरक्षा और अनुशासन के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती सुधा शुक्ला सहित श्रीमती कल्पना वर्मा, रेखा पाण्डेय, साकेत बिहारी, श्रीमती संध्या भगत, कुमारी साक्षी यादव, अभय मिंज एवं जयप्रकाश का विशेष सहयोग रहा।

### जनजातीय पखवाड़ा अंतर्गत रामानुज नगर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनजाति पखवाड़ा के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पीसी सोनी ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जनजाति पखवाड़ा में छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। हॉस्टल के छात्रों द्वारा शैला नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा एवं विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी विद्या जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य सीमा दुबे, व्याख्याता विकास नामदेव, गोपाल सिंह, नरेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, नितिन सिन्हा, आशा बरवा, श्रुति साहू, मंजरी तिवारी, प्रधान पाठक प्रकाश कुमार जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, पुष्पेंद्र ठाकुर,योगेश साहू, वर्षा सिंह प्रयोगशाला सहायक श्याम सिंह मरावी, विकास देवांगन सहित विद्यालय के समस्त छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## 2 लाख 11 हजार 688 मतदाताओं के बीच एसआईआर कार्य

# घर-घर पहुंचकर 298 बीएलओ कर रहे गणना प्रपत्रों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। 4 नवंबर से शुरू हुए इस अभियान के तहत बैकुंठपुर, सोनहत, पटना एवं पोड़ी-बछरा तहसीलों में 298 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण कर रहे हैं। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी भी बीएलओ के साथ फील्ड में पहुंचकर कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों के घरों में भी बीएलओ ने पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित किया। जिले में कुल 2 लाख 11 हजार 688 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें पुरूष मतदाता 1 लाख 5 हजार 73, महिला मतदाता 1 लाख 6 हजार 608 तथा तृतीय लिंग मतदाता 7 है। अब तक चारों तहसीलों में 1 लाख 9 हजार 614 गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है। प्रपत्र भरने के बाद बीएलओ प्रत्येक घर से भरी हुई प्रति प्राप्त करेंगे तथा एक प्रति पावती



घर-घर पहुंचती बीएलओ।

स्वरूप मतदाता को वापस दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदारों एवं बीएलओ को निर्देशित किया है कि आगामी 4 दिसंबर तक हर पात्र मतदाता के घर पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण कार्य समय पर पूर्ण किया जाना चाहिए। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल हों और मतदाता सूची पूर्ण एवं अद्यतन हो।

## बीएलओ ने अधिकारियों को गणना पत्रक सौंपे

**मनेन्द्रगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिले के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने कलेक्टर कार्यालय एवं अधिकारियों के शासकीय निवास में जाकर गणना पत्रक सौंपे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट को बीएलओ ने कलेक्टर कार्यालय में गणना पत्रक प्रदान किया। इसी क्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, एसडीएम लिंगराज सिदार तथा एसडीओपी एलेक्सियुस टोप्पो को उनके शासकीय आवास में जाकर बीएलओ ने गणना पत्रक सौंपे। इस दौरान अधिकारियों ने बीएलओ से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने, सुधार करने एवं मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के कार्य को पूरी तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ मतदाता



सूची का सत्यापन कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नाम, पते एवं विवरण की जांच कर आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन अवश्य करें, ताकि आगामी निर्वाचन में सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।



## सोनहत में गूंजे खाटू श्याम के जयकारे

**बैकुंठपुर।** आस्था और भक्ति की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए सोनहत की पावन धरा पर पहली बार श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया, जिसने समूचे क्षेत्र को भक्तिमय रंग में सराबोर कर दिया।

खाटू श्याम के मधुर भजनों की धुन पर झूमते हुए हजारों भक्तों ने इस पावन अवसर पर अपनी हाजिरी दर्ज कराई और बाबा की कृपा का अनुभव किया। यह ऐतिहासिक आयोजन स्थानीय निवासियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण था। वर्षों से खाटू श्याम के भक्तों की यह तमन्ना थी कि उनके शहर में भी बाबा का ऐसा ही भव्य संकीर्तन हो, जैसा कि वे दूर-दूर के अन्य शहरों में देखते और सुनते आए हैं। इस बार यह सपना साकार हुआ, सोनहत और भैंसवार के लोगों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत श्याम बाबा के पूजन से हुई, इसके उपरांत श्रद्धेय भजनों की अमृत वर्षा का दौर शुरू हुआ। श्याम भजन गायकों ने अपने मधुर भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हारे का सहारा, खाटू वाला श्याम हमारा, शीश का दानी, मेरी लाज बचाना और सांवरा जब भी आता है जैसे लोकप्रिय भजनों की धुन पर भक्त झूमते रहे।आयोजन समिति ने बताया कि हमारा सपना था कि सोनहत में भी खाटू श्याम का ऐसा भव्य आयोजन हो, जिससे यहां के भक्त भी बाबा के दरबार का अनुभव कर सकें।



## पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्टीय सेवा योजना के बैनर तले 11 नवंबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्टीय एकता दिवस पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित एनएसएस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय, जिला संगठक कोरिया प्रो. एमसी हिमधर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य विषय विविधता में एकता रखा गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 18 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान प्रीति सिंह बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय जगेशिया बीएससी तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय कीर्ति सिंह बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने सहभागिता की। इसमें प्रथम पुष्पा बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय विश्रुता मिश्रा बीए तृतीय सेमेस्टर एवं चांदनी करियाम बीएससी तृतीय सेमेस्टर रही। तृतीय स्थान निषा राजवाड़े एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एमएससी वनस्पतिशास्त्र तृतीय सेमेस्टर तथा आंचल यादव बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी व एनएसएस स्वयंसेवक काफी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, डॉ. रिचा श्रीवास्तव, बिक्की राम सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने विजेता छात्राओं को बधाई दी।

# डॉ. तिर्की ने बृहस्पत पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज के पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा कांग्रेस के सह प्रभारी पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पैसे मांगे जाने के लगाए गए आरोपों के बाद आज कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं अंबिकापुर के पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने प्रेस वार्ता कर बृहस्पति सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए।

डॉ. तिर्की ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हराने के लिए बृहस्पति सिंह ने भाजपा से करोड़ों रुपए लिए थे और भाजपा प्रत्याशी के साथ प्रचार में भी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रदेश सह प्रभारी जरिता को नियुक्त किया गया, जो संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस को एकजुट करने का कार्य कर रही हैं। उनके खिलाफ



पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व महापौर।

इस प्रकार की बातें करना घोर निंदनीय है। डॉ. तिर्की ने कहा कि बृहस्पति सिंह को सुर्खियों में बने रहने की आदत है। इसी कारण वे अक्सर उलूल-जलूल बयान देते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके बयान से यह स्पष्ट है कि महिला सम्मान के प्रति उनका नजरिया क्या है। इससे पहले भी उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रभारी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। डॉ. तिर्की ने आरोप लगाया कि जब बृहस्पति सिंह विधायक थे, तब उन्होंने संगठन के साथ कभी तालमेल नहीं बनाया और हमेशा अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए काम किया। उन्होंने उन पर बंगाली बसाहट की जमीन को अवैध रूप से हड़पने का भी आरोप लगाया। डॉ. तिर्की ने बताया कि वे चार बार से कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग कर रहे थे और पांचवीं बार उन्हें टिकट मिला।

लेकिन उस दौरान बृहस्पति सिंह ने उन्हें हराने के लिए कार्य किया। इस प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मनोज दुबे, मोहन सिंह भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह व्यास, मुनि यादव एवं अशोक गौड़, प्रमोद गोस्वामी नीरज गुप्ता उपस्थित रहे।

## करवां की दो छात्राओं का प्रथम नेशनल टीचर साइंस कांग्रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**करवां।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां की दो प्रतिभाशाली छात्रा पूनम रजवाड़े एवं गीता सिंह ने प्रथम नेशनल टीचर साइंस कांग्रेस में अपने नवाचार मॉडल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता का परचम लहराया। देश भर से 162 वैज्ञानिक परियोजनाओं में से इनकी प्रस्तुति को शीर्ष तीन उत्कृष्ट परियोजनाओं में चयनित किया गया। इनकी गाइड टीचर डॉक्टर निशा सिंह रही। डॉ निशा सिंह ने बताया कि बालिकाओं ने सोलर से चलने वाला एक सैनिटेशन किट बनाया है जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंदो एवं विद्यालयों में लगाकर महामारी के दिनों में बायोडिग्रेडेबल पैड एवं उसे सेनीटाइज करने की सुविधा आसानी से प्रदान की जा सकती है। यह मशीन सोलर पैनल से चलती है अतः बिजली के कटने का खतरा भी इसमें नहीं होता। इसमें कई अन्य फीचर भी है। यह पुरस्कार सिर्फ विद्यालय छात्राओं का नहीं बल्कि विद्यालय की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में अग्रणी पहल करने हेतु देश के 75 चयनित विद्यालयों में से तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ है। यह चयन विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार शीलता और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## किसानों के धान रकबे में की गई कटौती- शरण

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य और वरिष्ठ आदिवासी नेता शरण सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि चैनपुर के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केन्द्र कठौतिया और जिलेभर में अनेक पंजीकृत किसानों के डिजिटल क्रॉप गिरदावरी में गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं।



श्री सिंह के अनुसार कई किसानों के नाम पर दर्ज धान का रकबा शून्य कर दिया गया है, जबकि कई अन्य किसानों के खेतों के रकबे में मनमानी कटौती की गई है। इस वजह से प्रभावित किसान अब सहकारी समिति (सोसाइटी) में अपना धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। जब किसानों ने ऑनलाइन रिकॉर्ड देखा तब यह गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद से जिले के किसानों में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने स्वयं समिति प्रबंधक चैनपुर और तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ से संपर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया, लेकिन अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने केवल यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि गिरदावरी संशोधन की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। अब कुछ नहीं किया जा सकता। श्री सिंह ने कहा कि प्रशासन की यह उदासीनता जिले के किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर एमसीबी को आवेदन देकर गिरदावरी में हुई त्रुटियों को सुधारने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कलेक्टर द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों के हित में आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर से जिले में धान खरीदी प्रारंभ होनी है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सैकड़ों किसान धान विक्रय से वंचित रह जाएंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिला अस्पताल में ...

चिकित्सा की आस में पहुंचते हैं, लेकिन यहां पहुंचने पर कई बार कुछ चिकित्सकों के चिकित्सा आचरण के विपरीत व्यवहार के कारण उन्हें आहत कर देता है। गर्भवती को ऑटो में लिटा ले जाया गया- जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती एक गर्भवती महिला को भर्ती कराया गया ,जहां जांच में पता चला कि महिला को नार्मल डिलीवरी नहीं हो सकती है और महिला चिकित्सक द्वारा आपरेशन के लिए अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण परिजन की चिंता बढ़ने लगी थी और लंबे इंतजार के बाद जब पता चला कि महिला चिकित्सालय ऑपरेशन करने नहीं आएगी, इधर गर्भवती दर्द तड़प रही थी और आखिरकार परिजन ने गर्भवती महिला को किराए के ऑटो में लिटाकर स्थानीय शर्मा अस्पताल प्रसव के लिए ले जाया गया। यह स्थिति ऐसी नाजुक थी कि परिजन की भी सांसे फूलने लगी थी, उन्हें किसी अनहोनी का डर समाया था, लेकिन किसी तरह परिजन गर्भवती महिला को ऑटो में लिटाकर निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला का प्रसव कराया गया।

### अवैध रेत खनन : बिना ...

हसदेव नदी में कई दिनों से रात्रि के समय भारी वाहनों की आवाजाही देखी जा रही थी, जिससे लोगों को अवैध गतिविधियों की शंका थी। अब विभागीय कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ी गई ट्रिपर को खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21(1)एवं संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। वाहन मालिक एवं चालक की तलाश जारी है।

### नशीली दवाओं के ...

बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई में निरीक्षक विवेक पाटले, निरीक्षक दीपेश सैनी, सहायक उपनिरीक्षक अभिषेक पांडे, सहायक उपनिरीक्षक चेतनराम राजवाड़े, प्रधान आरक्षक प्रिंस राय, पुष्कल सिन्हा, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, भूपेन्द्र यादव, हाफिज कुरैशी, उतरा कश्यप, प्रदीप लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सरडी में बॉलीबाल ...

में कुल 14 टीमों ने भाग लिया, इनमें सरडी, खरवत, चरचा, प्रेमाबाग बैकुंठपुर, पुसला, सोनहत, छिन्दडॉड, पतरापाली सहित अन्य जगहों की टीम शामिल रही। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए तथा द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रूपए निर्धारित की गई थी। आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग में ग्राम सरडी व पहाड़पारा के टीमों के मध्य मुकाबला हुआ। इसमें सरडी की टीम विजयी रही,वहीं बालिका वर्ग में सरडी और अंबिकापुर टीम के मुख्य खिताबी भिड़ंत हुआ ,जिसमें अंबिकापुर की टीम ने जीत दर्ज की। विजेता एवं उप विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही।

### अवैध धान परिवहन ...

करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में धर्मांतरण को बढ़ावा देने जैसे कृत्य करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि किसी भी समुदाय या वर्गों के द्वारा समाज, धर्म के खिलाफ ऐसी कोई कृत्य करने की जानकारी मिलते ही तत्काल परीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश कुमार पटेल, सोनहत एसडीएम अंशुल वर्मा, डीएसपी श्याम मधुकर, राजेश साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। अवैध धान की रोकथाम पर सख्ती - बैठक में आगामी 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने चेक पोस्ट ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और अवैध धान परिवहन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देश दिए। श्री कुर्रे ने कहा कि अन्य जिले और अन्य राज्यों से धान की आवक को सख्ती से रोका जाएगा। पट्रोलिंग टीम लगातार नजर रखेंगे, संवेदनशील केन्द्रों और चेक पोस्ट पर अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने तथा पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल न देने के निर्देश भी दिए गए।

### मतदाता एसआईआर को ...

सहभागी बनने की आवश्यकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने एसआईआर के लिए बैकुंठपुर में पंकज गुप्ता, सलका में रविशंकर राजवाड़े, कुड़ेली में बसंत राय, शिवपुर-चरचा राजेश सिंह, पटना में कपिल जायसवाल, बचरापोंड़ी अशोक जायसवाल, सोनहत में ईश्वर राजवाड़े को मंडल प्रभारी को नियुक्त किया है।

